# दैनिक परिहार गर्जना

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 181 | छतरपुर, मंगलवार 28 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


## थाना मातगुंवा पुलिस ने करीब 4 किलो गांजा जप्त कर 3 अन्तर्राज्यीय तस्करों को किया गिरफ्तार

### थाना बमीठा पुलिस ने 900 ग्राम गांजा जप्त कर एक आरोपी के विरुद्ध की कार्यवाही

छतरपुर। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छतरपुर पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। अवैध मादक पदार्थ गांजा की विधिवत विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

थाना मातगुंवा पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान मामोन बंधा के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की सूचना प्राप्त हुई। थाना मातगुंवा पुलिस त्वरित कार्यवाही करते मामोन बंधा के पास पहुंची जहां संदेह के आधार पर रोककर चेक किया गया। बैग की तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा मात्रा करीब 3 किलो 900 ग्राम कीमत करीब 56 हज़ार रुपए जप्त कर तीनों आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया।

अवैध मादक पदार्थ बेचने हेतु तस्करी कर रहे 3 आरोपी रोहित तिवारी पिता कमलाकांत तिवारी निवासी बिलगांव थाना बिसंडा जिला बांदा उत्तर प्रदेश, छोटू उर्फ प्रभाकर नागायच पिता राम प्रकाश




निवासी मकरबइ जिला महोबा उत्तर प्रदेश, राम जी तिवारी पिता केशव नारायण तिवारी निवासी सीताराम कॉलोनी छतरपुर के विरुद्ध थाना मातगुंवा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी रामजी तिवारी के विरुद्ध मारपीट, जुआ के 3 अपराध पूर्व से दर्ज हैं, उत्तर प्रदेश के दोनों आरोपियों की जानकारी एकत्र की जा रही है। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

वहीं थाना बमीठा पुलिस द्वारा गंज नर्सरी के पास से 900 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी राजा भैया पटेल उर्फ भूरा पिता ठाकुरदास पटेल निवासी ग्राम मनिया थाना राजनगर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बिजावर/ खजुराहो प्रभार शशांक जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बमीठा उप निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, थाना प्रभारी मातगुवां उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार रैकवार , थाना प्रभारी बिजावर उपनिरीक्षक कमलजीत मावई, सहायक उप निरीक्षक धनीराम तिवारी, प्रधान आरक्षक मथुरा प्रसाद, आरक्षक कुलदीप, अमित सिंह ठाकुर, शिवम, पंकज यादव, सुभाष , अनिल यादव की मुख्य भूमिका रही।



## विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने सरस्वती स्कूल में किया ध्वजारोहण

परिहार गर्जना न्यूज। नौगांव। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर महाराजपुर क्षेत्र के युवा विधायक कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीकाराजा ने सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौगांव में आयोजित ध्वजा रोहण समारोह में राष्ट्रीय तिरंगा फहराते हुये देश के लिये प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को आजादी के इतिहास के बारे में समझाया। संस्था प्रमुख द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा देश के लिये कुर्बानी देने वाले क्रांतिकारियों के बारे में बच्चों को बताया।




## व्ही.एन.पब्लिक स्कूल डिलाखेड़ी में पूर्व सरपंच ने किया ध्वजारोहण

### युवा पत्रकार विक्रम परिहार रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि







परिहार गर्जना न्यूज। सागर। गणतंत्र दिवस पर व्ही.एन.पब्लिक स्कूल डिलाखेड़ी में आयोजित समारोह में ग्राम के पूर्व सरपंच नन्हेभाई ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस कार्यक्रम में दैनिक परिहार गर्जना के प्रबंध संपादक एवं युवा पत्रकार विक्रम सिंह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जबकि विकेश सिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष दमोह हटा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी जिन्हें अतिथियों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत



करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के संचालक रघुराज यादव, शिक्षक ब्रह्मानंद यादव, रविन्द्र सिंह ठाकुर, रामनरेश सिंह ठाकुर, अनुराग सिंह ठाकुर, सुनील गंधर्व, शिवानी मिश्रा, राधिका तिवारी, जया दांगी, अंजना दांगी, कीर्ति यादव, सृष्टि राजपूत आदि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रघुराज यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित कराया गया।

# गणतंत्र दिवस पर हर्षोल्लास से किया गया ध्वजारोहण

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा



**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। नगर घुवारा में हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसमें सबसे पहले नगर परिषद घुवारा में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी जाहर सिंह ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात नगर के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी में ध्वजारोहण किया उसके बाद नगर के बालक हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण पहुंचे जहां पर नगर के सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं और शिक्षकों और नगर के गणमान्य नागरिकों के समक्ष मां सरस्वती के चित्र पर तिलक और माल्यार्पण कर श्रीमती गुड्डी जाहर सिंह ने ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ के लिए हरि झंडी दिखाई।जिसमें सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा बारी बारी से मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर दर्शकों में समा बांध दिया।वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात विगत वर्ष अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनका हौसलाजाई किया।साथ ही उन शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया जिनके विषय या स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।वहीं नगर परिषद के कर्मचारियों,नगर के पत्रकार बंधुओं को भी सम्मानित किया गया है।तब कहीं कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी जाहर सिंह,घुवारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष लखन फौजदार,बालक हायर सेकेंडरी प्राचार्य श्रीमती अल्का शुक्ला,कन्या हायर सेकेंडरी प्राचार्य बी.एल प्रजापति,सुदामा नामदेव,टीकाराम लोधी, आलोक जैन,एवं समस्त पार्षदगण,के अलावा नगर के अर्धशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधान,समस्त शिक्षक,एवं छात्र छात्राएं और अभिभावकगण के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हर हितग्राही की प्रगति हमारा उद्देश्य - सीईओ भागीरथ तिवारी

### अंत्योदय वाटिका सामग्री वितरण कार्यक्रम से ग्रामीणों को मिली नई राह, आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम और बढ़ा

**विनोद कुमार जैन**



परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। बकस्वाहा ब्लॉक में आयोजित अंत्योदय वाटिका सामग्री वितरण कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को एक नई दिशा दी। यह आयोजन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री भागीरथ तिवारी ने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य हर हितग्राही की प्रगति है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके विकास को गति देना है। यह वितरण कार्यक्रम उनके जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में किसानों और अन्य हितग्राहियों को बेहतर कृषि उत्पादन के लिए जरूरी सामग्री वितरित की गई। इनमें पम्प, फेंसिंग जाली, टमाटर, बैंगन, मिर्च, लौकी, तरोई, शलजम के बीज, खाद और स्प्रे दवाएं शामिल थीं। श्री तिवारी ने बताया, यह सामग्री ग्रामीणों के फसल उत्पादन में वृद्धि करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगी। हमारा उद्देश्य न केवल ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को सुधारना है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम में बकस्वाहा की ग्राम पंचायत किशुनपुरा और गढ़ीसेमरा के कई जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहे। सरपंच श्री मनोहर लाल लोधी और श्री महेंद्र कुमार लोधी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे गांव के किसानों को न केवल नए कृषि उपकरण मिलेंगे, बल्कि उनका कृषि क्षेत्र में काम करने का तरीका भी सुधरेगा।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के अन्य गणमान्य सदस्य भी मौजूद थे, जिनमें सहायक यंत्री श्री वर्मा, इंजीनियर श्री असाटी, सैंगर, सोनी, श्री दिनेश कुमार मिश्रा, बिलथरे, त्रिपाठी, अहिरवार और जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारी शामिल थे। संस्था की ओर से श्री द्वारका प्रसाद मिश्रा और एफ.पी.ओ. (सीईओ) श्री राहुल शर्मा ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम में स्थानीय कृषक श्री प्यारेलाल कुशवाहा, बिहारी लाल कुशवाहा, लखन लाल लोधी, अमर सिंह, हरिराम लोधी, और आदिवासी समुदाय के तखत लाल लोधी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस पहल से न केवल उनकी कृषि क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि गांव के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने में भी सुधार आएगा।

कार्यक्रम का आयोजन जन माध्यम संस्थान, भोपाल के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना है। बकस्वाहा ब्लॉक के इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों को कृषि क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। स्थानीय समुदाय के उत्साह और इस पहल के सकारात्मक प्रभाव से यह कार्यक्रम निश्चित ही बकस्वाहा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# गौरिहार जनपद सहित अंचल में शान से लहराया तिरंगा

## भारत माँ के जयकारों से गूँजायमान होती रहीं गौरिहार की गलियाँ

**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

गौरिहार। जनपद मुख्यालय गौरिहार में सन्चालित समस्त शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर संस्था प्रमुखों द्वारा आयोजित गरिमामयी कार्यक्रमों में आमंत्रित गणमान्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान वक्ताओं ने अपने उदबोधन मे आजादी की खातिर जान की बाजी लगाने वाले अमर शहीदों के बलिदानियों की गाथाओं को संक्षिप्त रूप मे मंच के माध्यम से साझा किया इसके अलावा भारतीय संविधान को विश्व स्तरीय बताते हुए संविधान के बारे मे भी चर्चा की।

*ज0पं0 कार्या0में अध्यक्ष तुलसा ने किया ध्वजारोहण*





जनपद पंचायत कार्यालय में सीईओ गोविन्द सिंह राजावत के नेतृत्व में राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष तुलसा-राजाराम अनुरागी ने देश की आन-बान और शानके प्रतीक तिरंगे को फहराया।ततपश्चात अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के सन्देश का वाचन कर,सत्तासीन सरकार की उपलब्धियाँ एवं उसके द्वारा सन्चालित हितग्राही मूलक विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।जनपद उपाध्यक्ष भाजपा नेता अमित बाजपेयी ने अपने उद्बोधन दौरान देश की महान विभूतियों,अमर शहीदों की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला और क्षेत्र में विकास कराने की बात पूर्व की भांति पुन: दुहराई।कार्यक्रम के अंत मे जनपद सीईओ गोविन्द सिंह राजावत ने नव जनपद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व जनपद सदस्यों सहित जनपद के समस्त कर्मचारियों से एक साथ मिलकर परस्पर सहयोग करतें हुए सम्पूर्ण जनपद क्षेत्र का विकास करने की बात पर जोर दिया।

इस दौरान चंदला क्षेत्र के पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय बहादुर सिंह बुंदेला,तहसीलदार आकाश नीरज,सरपंच भूपेंद्र यादव, बीईओ डीआर पटेल, बीआरसी श्री व्यास, मॉडल स्कूल के प्राचार्य पीएन पाल,पूर्व जनपद अध्यक्ष रामविशाल बाजपेयी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष छोटेलाल पाल ऊर्फ बाबा भारती,पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह,सन्तोष नायक,राघवेन्द्र त्रिपाठी,रामचरन विश्वकर्मा, नवनीत मिश्रा,पत्रकार प्रकाश मिश्रा,जीतेन्द्र बाजपेयी, प्रमोद अवस्थी,अजीज खान, राघवेन्द्र रिछारिया,अशोक कुमार पांडे, रामकुमार सैनी, राजकुमार रिछारिया, चंद्रभान प्रजापति, प्रदीप पाल,अरुण सिंह, बीरू अवस्थी, अखिलेश सिंह,आदि गणमान्य नागरिक सहित ब्लॉक समन्वयक अवध किशोर त्रिपाठी, एपीओ जोगेंद्र निगम,उमाशंकर तिवारी,सूरा अहिरवार, महेश द्विवेदी, पुष्पेंद्र बाजपेयी, रामपाल प्रजापति, सोनू सिंह, जीतेन्द्र वर्मा, श्री सक्सेना,व दर्जनों ग्रामीण व नन्हे-मुन्ने बच्चे शामिल रहे।

*कस्बा सहित अंचल में किया गया ध्वजारोहण*

गणतंत्र दिवस 76 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर गौरिहार सहित अंचल भर में बड़े ही धूमधाम व अनूठे तरीके से मनाई गई ।नगर के पंचायत भवन मे सरपंच भूपेंद्र यादव व सचिव नरेन्द्र राय,जिला सहाकारी केंद्रीय बैंक मे शाखा प्रबंधक जगन्नाथ राजपूत, कैशियर रोहित राय व कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार साहू, जगजीवन राम जूनियर कन्या छात्रावास मे अधीक्षिका उर्मिला अहिरवार,शा0अनु0 जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास मे अधीक्षक सुनील खरे,कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास (कस्तूर) मे अधीक्षिका -सुमन सिंह परिहार परियोजना कार्यालय मे लिपिक दिलीप निगम, धर्मेंद्र प्रजापति, चंद्रभान यादव, निरंजन नायक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ0लखन सिंह अहिरवार,बीईई धर्मेन्द्र मौर्य, इण्डेन गैस एजेंसी में संचालिका ऊषा राजपूत, मैनेजर रजनीश सिंह,सन शाईन इंग्लिश स्कूल में एचएम कुणाल श्रीवास्तव,पं0 शालिगराम शास्त्री स्कूल में डायरेक्टर रमेश अहिरवार, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य पी0एन0 पाल, शिक्षक विनोद पटेल,शारदा शिक्षा मंदिर मे एचएम गोरेलाल पटेल, प्रदीप पाल व पंच रामनिवास सैनी की मौजूदगी में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर,आन-बान और शान से भारत का 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया।

जनपद क्षेत्र के ग्राम खड्डी में सरपंच मुन्नीदेवी पाल, सचिव सुरेश तिवारी,सहायक सचिव चक्रपाणि तिवारी,घटरा में सरपंच सन्ध्या पाल,सचिव ब्रजराज सिंह,सहायक सचिव के0डी0 शुक्ला, मवईघाट में सरपंच रामभवन पटेल,सचिव सुशील बाजपेई व सहायक सचिव चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।

# वीर बाल दिवस टेनिस बॉल क्रिकेट में हुए चार शानदार रोमांचक मुकाबले





परिहार गर्जना न्यूज। सागर। वीर बाल दिवस टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 27 जनवरी सोमवार को कजलीवन मैदान मे आज शानदार चार मुकाबले हुए पहले मैच बेस्ट ऑफ सागर और ठाकुर क्लब के बीच खेला गया जिसमें बेस्ट ऑफ सागर ने 8 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाएं ठाकुर इलेविन ने मात्र 5 विकेट खोकर मात्र 94 रन ही बना सकी मैन ऑफ द मैच संदीप यादव शानदार 66 रनों की पारी खेली जिसमें 9 गगन भेदी छक्के लगाए 2 मैच सनराइज इलेविन 8 ओवर में 4 खोकर 101 रन बनाए बेस्ट ऑफ सागर ने 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल 2 गेंदे शेष रहते हुए मैच जीता मैन ऑफ द मैच चीनू रहे 13 रन बनाए 2 विकेट भी लिए बुंदेली टाइगर और आई टी आई के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए बुंदेली टाइगर्स ने 163 बनाएं आईटीआई क्लब मात्र 59 रन ही बना सकी और मैच हार का सामना किया मैन ऑफ द मैच रहे नितिन रजक बीना रहे 19 गेंद में 66 रन बनाए 8 छक्के लगाए बही 4 मैच एल के स्टार और पर्ल पब्लिक स्कूल के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर रन 93 रन बनाए जवाब में पर्ल पब्लिक स्कूल की टीम मात्र 74 रन ही बना सकी और हार का सामना किया मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ पटेरिया रहे आज के मैच के मुख्य अतिथि कैंट थाना प्रभारी विजय सिंह राजपूत मैच के मुख्य अतिथि रहे नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार जी जगन्नाथ गुरैया सत्येंद्र सिंह होरा हरेंद्र खटीक आयोजक नोनू सरदार जी टूर्नामेंट संरक्षक देव कुमार तिवारी सचिब गौरव खटीक विशाल खटीक गुफरान पतंग प्रमोद ठाकुर एव अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया सोनू चौहान नासिर मकरानी ने पूरी जानकारी दी।

# बीना ने भी दिया आजादी की लड़ाई में अपना अमूल योगदान

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना ने भी दिया आजादी की लड़ाई में अपना अमूल योगदान। पंडित राम शर्मा ने बताया कि बात 1929 /30 /31 /32/ 37 /42 /के आंदोलन की हो या आजादी से पूर्व की बीना से क्रांतिकारी केवल गुपचुप बैठकर आजादी हेतु अपनी मंत्रणा नहीं करते थे बल्कि सामूहिक रूप से इटावा बाजार में भारत माता की जय इंकलाब जिंदाबाद स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और इसे हम लेकर रहेंगे महात्मा गांधी अमर रहे सरदार भगत सिंह जिंदाबाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिंदाबाद ऐसे अनेक को नारे लगाते हुए आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाते थे शहीदों क्रांतिकारियों के चित्र एवं दुर्लभ दस्तावेजों के संग्रह करता राम शर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारी के साथी साथी सदाशिव राव मलकापुरकर जिन्होंने 1929 /30 /31 /और 32 में अपनी से सक्रिय भूमिका निभाई तीन माह अंडमान निकोबार की जेल में रहे जलगांव गोलीकांड के मुखविर को गोली मारने के आरोप में भुसावल में गिरफ्तार हुए और सात माह का और कारावास भोगा आजाद की मां को तीर्थ यात्रा कराई अंतिम संस्कार करने का श्रेय भी सदाशिव राव मलकापुरकर को जाता है बीना के ही महान क्रांतिकारी बंशीधर शास्त्री जो महान शिक्षाविद व्याकरण आचार्य भी रहे जिन्होंने अनेकों पुस्तकों का सृजन किया 1931, 1937, 1942 के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई इतना ही नहीं इस कारण है सागर नागपुर अमरावती की जेल में 10 माह से अधिक का कारावास हुआ पंडित भागीरथ रामदयाल विलगैया 1930, 31 ,37 और 1942 में सक्रिय भूमिका निभाई एक माह का कारावास हुआ आप विधायक भी रहे सिद्धनाथ तिवारी असहयोग आंदोलन जंगल सत्याग्रह में 13/ 9/42 से 16/3 / 1943 तक 6 माह कारावास में रहे आजादी के बादकांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे नन्हेंलाल मूलचंद बुखारिया भारत छोड़ो आंदोलन में एक माह का कारावास 21 सितंबर 42 से 27 अक्टूबर 42 तक आप जिला जेल में रहे हरि सिंह शिव सिंह 1 अप्रैल 1930 से 13 जुलाई 1930 तक 3 माह जंगल सत्याग्रह में नारद कुमार बेनी प्रसाद 16 मार्च से 25 अगस्त 1945 तक 5 माह कारावास में रहे रामलाल नायक आप भी बीना के विधायक रहे 22 अगस्त 1942 से 30 जनवरी 1943 जेल में बंद रहे नरेंद्र कुमार फ़दाली भारत छोड़ो आंदोलन में एक माह कारावास होगा नारायण प्यारेलाल ने 13 माह जेल में गुजारे व्यक्तित्व की रुद्र प्रताप बासु श्रीवास्तव सागर सिवनी जेल सविनय अवज्ञा आंदोलन में 1920 ,21 ,32 के आंदोलन में रहे दो बार कारावास में रहे जिनके नाम से आज एक विशिष्ट पहचान है सर्वोदय भवन जिनकी याद में है ऐसे नंदकिशोर जुगल किशोर मेहता ने भी आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और दो माह कारावास में रहे हीरालाल दलू गोरेलाल देवी चरण देव गणेशी लाल 卐बाबा卐 जिनके नाम से राम वार्ड हैं छोटे खान गुलाब खां परमोला मदन, फूलचंद भरोसे, भुवनेश्वर प्रसाद फदाली शिक्षा शास्त्री ने भी 1 माह से लेकर 5 माह तक की सजा कारावास में काटी भाई मोहनलाल मोजी लाल पांच माह रज्जन खा अजीज खा एक माह रणवीर भोगीराम 1942 में एक माह अब्दुल गफ्फार छुट्टा छोटा ,अमान मानक, 25 दिन जेल में रहे इतनी यातनाएं भुगतने के बावजूद भी समझौता नहीं किया और फिर भी सक्रिय बने रहे रामदीन भागीरथ रिछारिया ने 6 माह सदाशिव माधवराव, सदाशिव रघुनाथ राव देवसकर ने भी दो-दो माह का समय जेल में व्यतीत किया स्वामी सहासा, बलिराम सब्बू 25 ,25 दिन जेल में रहे भदाली जोले ,भाव लाल कंछेदी ,देवी सिंह स्वरूप सिंह, सुंदरलाल सवाई लाल चौधरी 1941 ,42 ,43 के आंदोलन में सक्रिय रहे और पांच माह कैद में रहे वहीं लक्ष्मण प्रसाद गोस्वामी भैया लाल पुरोहित नाथूराम रामलाल पुजारी श्यामलाल छेदीलाल शिखर चंद बड़कुल नाथूराम , मदन लाल दुर्गा प्रसाद, सबलमल समापा प्रेमचंद समैया, राम प्रसाद साहू, नजीर खान भीरू खान, बाबूलाल सतपुरिया ने भी सक्रिय भूमिका निभाई वही जानकी प्रसाद शास्त्री अमृतलाल शाह ने क्रांतिकारी आंदोलन में अपना सहयोग देते रहे भैरव प्रसाद चौरसिया उस समय बहुत छोटे थे वह क्रांतिकारियों की बातों को सुनने जाया करते थे बाल्यावस्था में भी उन्हें देश के प्रति बड़ा लगाव था परंतु बहुत छोटे होने के कारण उन्हें भगा दिया जाता है चलो जाओ यहां से तुम अभी बहुत छोटे हो तुम्हारा यहां क्या काम लेकिन इन सब के पीछे सबका एक ही भाव था भारत मां को आजाद करना भारत मां की गुलाबी की जंजीरों से मुक्त करना और वही हुआ 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हो गया सामूहिक रूप से इटावा हनुमान मंदिर के पीछे बने चबूतरे पर ध्वजारोहण करके आजाद भारत में खुशियां मनाई ऐसे अनेकों क्रांतिकारी रहे जिनकी याद में न दीप चले ना पुष्प पुष्प चढ़े बीना नगर इन सब के प्रति कृतज्ञ है यह मानते हुए सदियां ब्याज ना दे पाएगी सेनानियों के कर्ज का।










# सागर होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वाराभाजपा जिलाध्यक्ष को दी बधाई और बताई अपनी मांगे

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा भाजपा के नव जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी को जिला अध्यक्ष बनने की बधाई दी एवं अपनी कुछ मागे रखी। संगठन ने बताया कि शासन द्वारा क्वा।स्र्स डॉक्टर के साथ हो रहे पक्षपात के बारे में अवगत कराया जिला अध्यक्ष जी ने आश्वासन दिया कि हम आपकी सारी मांगे पूरी करवाएंगे जिसमें उपस्थित सागर होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ नीलेंद्र राजपूत, संरक्षक डॉ पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष डॉ उत्तम सिंह लोधी, उपाध्यक्ष डॉ नीरज चौरसिया, सचिव जागेश्वर पटेल, सचिव डॉ जसवंत सिंह, राजपूत संयुक्त सचिव डॉ के के पटेल डॉक्टर सचिन मिश्रा , डॉ अजहर खान, डॉ आकाश केशेरवानी, डॉ बहादुर पटेल, डॉ देवीलाल डॉ अभिषेक विश्वकर्मा, डॉ राजेश सकवार एवं संगठन के सदस्य गण ने मिलकर मुलाकात की एवं उन्हें जिला अध्यक्ष बनने की बधाई दी।




# जय बापू जय भीम, जय संविधान रैली में कांग्रेस जन शामिल हुए



परिहार गर्जना न्यूज। सागर /27 जनवरी।जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में कांग्रेस जनो का जत्था डॉँ अम्बेडकर की जन्मस्थली महू ( इंदौर )में आयोजित जय बापू जय भीम, जय संबिधान रैली में आज शामिल हुआ।

इस विशाल ऐतिहासिक रैली को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता विपक्ष श्री राहुल गाँधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित देश एवं प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने सबोधित किया। इस रैली में लाखो की संख्या में लोग शामिल हुए।

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के साथ जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, शैलेन्द्र तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा, समीर खान, योगराज कोरी, सेवादल शहर अध्यक्ष सिन्टू कटारे, सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव,शाहरुख़ खान,महेश अहिरवार कलू पटेल,आनंद हेला, लल्ला यादव, सुनील ठाकुर, बाबू मछन्दर, गोविन्द लोधी, अरविन्द लोधी,इरफ़ान खान सहित सागर शहर एवं जिले से अनेक कांग्रेस जन रैली में शामिल हुए ।

# हम समस्त देशवासियों को विकसित भारत के लिए अपनी विरासत को संभालते हुए विकास करने की आवश्यकता है-सोनी

## गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना और शासकीय विधि महाविद्यालय बीना में गणतंत्र दिवस दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ एम एल सोनी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि आज भारतीय संविधान को लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस गणतंत्र दिवस का ध्येय वाक्य स्वर्णिम भारत- विरासत और विकास है। हम समस्त देशवासियों को विकसित भारत के लिए अपनी विरासत को संभालते हुए विकास करने की आवश्यकता है।सेवानिवृत्त प्राध्यापक डा ए के जैन ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे विस्तृत एवं लिखित संविधान है। जिसने आज समस्त देशवासियों को अपनी दूरदर्शिता एवं विशालता के कारण समस्त देशवासियों को जोड़ कर रखा है। हम सभी को संविधान निर्माताओं के योगदान को हमेशा स्मृति में संजोकर मौलिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले और परीक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डा रेखा बरेठिया ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह ठाकुर ने समस्त देशवासियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रफीक शेख ने किया तथा आभार प्रो आर एस तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह राजपूत डॉ नमिता अग्निहोत्री डॉ महेंद्र कुमार पटेल सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही।



### पुलिस की बढ़ती मनमानी और तानाशाही को लेकर उठे सवाल–

# कानून और सुरक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं, सुधार जरूरी- कृष्णा गौर

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। थानों में मनमाने तरीके से बनते मामलों, बढ़ते भ्रष्टाचार और तमाम गड़बड़ियों ने आम लोगों का जीना तक दूभर कर दिया है। राजनैतिक संरक्षण में चलते थानों और अधिकारियों और अपराधियों के बीच बढ़ती सांठगांठ ने जिले की शांति और सुरक्षा व्यवस्था को चरमराकर रख दिया है। ऐसे में शिकायतों का होना लाजमी हो जाता है। अब तो हालात यह हो चले है कि शिकायत करना भी लोगों के लिए मुश्किल नजर आने लगा है। पुलिस कप्तान द्वारा किए जा रहे प्रयासों के कारगर साबित न होने से लोगों की नाराजगी बढ़ती नजर आने लगी है। प्रभारी मंत्री के यहां आने पर पुलिस व्यवस्थाओं को लेकर दागे गए सवालों पर उन्होनें संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही है। अब ऐसे में सवाल तो यह उठता है कि उनके अपने ही जनप्रतिनिधियों के चहेतों पर क्या कार्रवाई होगी या उनके स्वभाव में बदलाव आएगा..?



मध्य प्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर यहां गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण समारोह में हिस्सा लेने आईं। इस दौरान मीडिया की आयोजन में रही दूरी को लेकर जहां प्रशासनित व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए गए, तो वहीं मिष्ठान वितरण को लेकर भी अच्छी खासी नाराजगी देखी गई। गणतंत्र दिवस पर हुए आयोजनों के दम तोड़ने और व्यवस्थाएं बिगड़ने को लेकर शोसल मीडिया पर नाराजगी नजर आई। मनमाने तरीके से बनने वाले बिल और चरमराई व्यवस्थाओं ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर ही सवाल उठाए हैं। जिले के थानों में राजनैतिक संरक्षण में बढ़ते खनिज कारोबार, अपराधियों को संरक्षण, बेकसूरों पर कार्रवाईयां तथा बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस सवाल उठाती रही है। इन तमाम गड़बड़ियों को लेकर बीते रोज मीडिया द्वारा भी प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर से सवाल किए गए।

इसमें थाना देहात का खुलकर जिक्र किया गया है। जिस पर प्रभारी मंत्री का स्पष्ट कहना रहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार एसपी से चर्चा की जाती है। कार्रवाईयों में किसी प्रकार की ढील नहीं होनी चाहिए। जब उनसे पूंछा गया कि थाना देहात सहित जिले के तमाम थानों में बिना पैसों के एफआईआर तक नहीं हो रही है। फरयादियों को जिले में न्याय नहीं मिल पा रहा है, तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लेने के साथ ही लोगों को आश्वस्त किया है कि जिले में ऐसा नहीं होगा। श्रीमती गौर ने थानों में बढ़ते भ्रष्टाचार और लेन-देन के सवाल पर स्पष्ट तौर पर कहा है कि जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए एसपी से लगातार चर्चा की जाती रही है। इस दिशा में ठोस पहल की जाएगी। श्रीमती गौर ने कहा कि लोगों को नयाय मिले और बिना पैसों के एफआईआर न करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई हो। समाज में अपराध तो होते हैं, लेकिन अपराधियों को जल्दी से जल्दी से गिरफ्तार कर उन पर सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए। जिले में तमाम थाना में बिना लेन-देन के एफआईआर न होने और मनमाने तरीके से कार्रवाईयां करने वालों पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई गई है। प्रभारी मंत्री ने एसपी को निर्देशित किया है कि थानों में बिना लेन-देन के एफआईआर न करने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए तथा अपराधियों को आसानी से छूटना नहीं चाहिए। यहां बता दें कि जिले के थानों में द र्ज होने वाले मामलों और कार्रवाईयों पर लंबे समय से सवाल उठाए जाते रहे हैं। थानों में पकड़े जाने वाले वाहनों और अपराधियों के मामलों पर की जाने वाली कार्रवाईयों को लेकर अटकलों का बाजार गर्माया हुआ है।

थानों में अनियमित्ताएं और लापरवाही करने वालों पर राजनेतिज्ञों व अफसरों की मेहरबानी को लेकर भी यहां लंबे समय से आरोप लगाए जाते रहे हैं। यहां से राजधानी तक फरयादियों द्वारा लगाई गई गुहारों के बाद भी उन्हें मायूसी हाथ लगी है। अब देखना है कि प्रभारी मंत्री जिले की कानून व्यवस्था में सुधार लाने और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई करने में कहां तक कामयाब होती हैं।

### विधायक यादवेन्द्र सिंह का जन्म दिन धूमधाम से मनाया–

## आपसी सद्भाव और न्याय का लिया संकल्प-लक्ष्मण रैकवार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिंदाबाद का उद्घोष और जोरदार नारेबाजी का नजारा। पुष्पों की वर्षा और आतिशबाजी के बीच कांग्रेस जिला महामंत्री द्वारा कटरा बाजार में



मनाया गया विधायक यादवेंद्र सिंह का जन्म दिन। मुकुट पहनाकर उन्होंने जहां विधायक यादवेन्द्र सिंह का सम्मान किया। वहीं साल-श्रीफल भेंट किया गया। श्री रैकवार ने कहा कि विधायक यादवेन्द्र सिंह का जन्म दिन कटरा बाजार में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने आपसी सद्भाव बनाए रखने और अन्याय को मिटाने के लिए संघर्ष का संकल्प लिया।कांग्रेस की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने और दादा यादवेन्द्र सिंह के हाथों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। श्री सिंह के आयोजन में शामिल होने से सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। इस अवसर पर सभी को मिष्ठान वितरित किया गया और मौजूद अतिथियों में विधायक यादवेन्द्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, पत्रकार महबूब खान सहित अनेक समाजसेवियों का स्वागत व सम्मान किया गया। विधायक श्री सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों, समाजसेवियों एवं अनेक नागरिकों का भी सम्मान कराया गया। श्री रैकवार ने बताया कि यह खुशी का अवसर रहा, जब अनेक गरीब परिवारों एवं साथियों के बीच आकर श्री सिंह ने अपना जन्म दिन मनाया। रैकवार समाज के सैकड़ों लोगों ने भी उन्हें बधाईयां दीं। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक श्री सिंह का बधाईयां दीं। कटरा बाजार के दुकानदारों ने दादा यादवेन्द्र सिंह को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की। कांग्रेस जिला महामंत्री लक्ष्मण रैकवार द्वारा पोस्टर और बेनरों से कटरा बाजार की शानदार सजावट की गई। यहां घंटों पटाखे और आतिशबाजी चलती रही। श्री रैकवार ने बताया कि विधायक दादा यादवेन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें जो सम्मान दिया, वह इसके लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं। इस दौरान सूर्य प्रकाश मिश्रा, अब्दुल गफ्फार नपाध्यक्ष , भरत सोनी, जब्बार खान, मुरारी श्रीवास्तव, छोटू रैकवार, सुरेश रैकवार, अख्तर शेरा सहित अनेक नगरवासी मौजूद रहे। बताया गया है कि इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गए। मुख्य आयोजन अनंतपुरा में आयोजित किया गया, जहां सुंदरकांड पाठ के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। यहां जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा सिंह उनके पति विधायक यादवेन्द्र सिंह को उपस्थित सैकड़ों नागरिकों ने बधाईयां दीं।

### जिले में गरिमा के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस –

## प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं परेड की सलामी ली

### प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री जी के संदेश का किया वाचन

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ। जिले में 76वां गणतंत्र दिवस गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों एवं अन्य स्थानोंपर तिरंगा फहराया गया और शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बताया गया है कि जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में मध्य प्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कलेक्टर अवधेश शर्मा तथा एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के साथ परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के बाद मुख्य अतिथि ने शांति एवं सद्भावना के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे आकाश में छोड़े। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अतिथियों द्वारा शॉल तथा श्रीफ ल से सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में परेड कमांडर एवं परेड टू आईसी एसआई अवनीश गिरि के नेतृत्व में परेड ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि श्रीमती गौर ने कलेक्टर श्री शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक मंडलोई के साथ परेड के पश्चात कमांडरों सूवेदार उत्तम सिंह कुशवाह, एसआई अवनीश गिरि, एसआई बासुदेव सिंह, एसआई अमित साहू, प्लाटून कमाण्डर अमित दुबे, अण्डर ऑफीसर एनसीसी सीनियर डिवीजन दलनायक सुमित प्रजापति, अण्डर ऑफीसर एनसीसी जूनियर डिवीजन दलनायक अथर्व मिश्रा, एनसीसी जूनियर विंग दलनायक कु. पूजा कुशवाहा, गाइड दल शा.हाई स्कूल शिशु मंदिर दलनायक कु. श्रद्धा श्रीवास्तव, स्काउट शा.उत्कृष्ट.उ.मा.वि.क्र.1 दलनायक शिवांष श्रीवास्तव, स्काउट शा.उत्कृष्ट.उ.मा.वि.क्र .2 दलनायक किशना विश्वकर्मा, स्काउट पुष्पा हाई स्कूल दलनायक नमन सक्सेना, शौर्य दल दलनायक कु. जयंती लोधी से परिचय प्राप्त किया।



***सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राय बर्ल्ड स्कूल प्रथम–***

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में टीकमगढ़ नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के 5 विद्यालयों सरोज कॉन्वेन्ट स्कूल, पुष्पा हाई स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, राय बर्ल्ड स्कूल तथा ग्वालियर पब्लिक स्कूल टीकमगढ़ के छात्र-छात्राओं के दल द्वारा देश भक्ति पर केन्द्रित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसमें राय बर्ल्ड स्कूल प्रथम, पुष्पा हाई स्कूल द्वितीय तथा ग्वालियर पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने सभी विजेता विद्यालयों के दलों को प्रमाण पत्र प्रदान दिये तथा उनके साथ समूह फोटो खिचवाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

***जल जीवन मिशन तथा आजीविका मिशन की झांकी प्रथम–***

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित शासकीय योजनाओं की थीम पर आधारित झांकिया निकाली गईं। इनमें से वन स्टॉप सेन्टर थीम पर महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण विभाग की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार टीकमगढ़ की धरोहर पीतल शिल्पकला थीम पर उद्योग विभाग की झांकी ने द्वितीय तथा हर घर जल, जल जीवन मिषन थीम पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना एवं अंतर्जातीय विवाह योजना थीम पर आदिमजाति कल्याण विभाग तथा संचित होंगे खेत, बदलेगी जिले की तस्वीर थीम पर आधारित जल संसाधन विभाग की झांकियों ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली झांकियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समारोह में जिला पंचायत, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग, जिला पंचायत, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, षिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता, वन विभाग, नगरीय निकाय, मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन, पुलिस विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास की थीम पर आधारित झांकियां निकाली गईं।

***सशस्त्र परेड में नगर सेना, शस्त्र रहित में एनसीसी जूनियर डिवीजन तथा शौर्य दल की टुकड़ी रही प्रथम***

कार्यक्रम में आयोजित परेड में एसआई बासुदेव सिंह के नेतृत्व में एसएएफ, एसआई अमित साहू के नेतृत्व में डीईएफ तथा प्लाटून कमाण्डर अमित दुवे के नेतृत्व में होमगार्ड नगर सेना की टुकड़ियों ने हथियार सहित प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अण्डर ऑफीसर सुमित प्रजापति के नेतृत्व में एनसीसी सीनियर डिवीजन टीकमगढ़, अण्डर ऑफीसर अथर्व मिश्रा के नेतृत्व में एनसीसी जूनियर डिवीजन, कु. पूजा कुशवाहा के नेतृत्व में एनसीसी जूनियर विंग, दल नायक श्रद्धा श्रीवास्तव (शासकीय हाई स्कूल शिशु मंदिर) के नेतृत्व में गाइड दल, दलनायक शिवांश श्रीवास्तव (शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.क्र .1 स्कूल) के नेतृत्व में स्काउट दल, दलनायक किशना विश्वकर्मा (शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.क्र .2 स्कूल) के नेतृत्व में स्काउट, दल दलनायक नमन सक्सेना (पुष्पा हाई स्कूल) के नेतृत्व में स्काउट दल, तथा दलनायक कु. जयन्ती लोधी के नेतृत्व में शौर्य दल द्वारा परेड में प्रदर्शन किया गया। परेड में से हथियार सहित टुकड़ियों में प्लाटून कमाण्डर अमित दुवे के नेतृत्व में होमगार्ड नगर सेना की टुकड़ी को प्रथम, एसआई अमित साहू के नेतृत्व में डीईएफकी टुकड़ी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही हथियार रहित टुकड़ियों में अण्डर ऑफ ीसर सुमित प्रजापति के नेतृत्व में एनसीसी सीनियर डिवीजन टीकमगढ़ को प्रथम तथा अण्डर ऑफीसर अथर्व मिश्रा के नेतृत्व में एनसीसी जूनियर डिवीजन को द्वितीय प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अन्य टुकड़ियों में दलनायक कु. जयन्ती लोधी के नेतृत्व में शौर्य दल को प्रथम तथा दलनायक किशना विश्वकर्मा (शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.क्र -2 स्कूल) के नेतृत्व में स्काउट दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

***उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित***

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों एवं अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेन्द्र उपाध्याय, वीरेन्द्र चंसोरिया तथा श्रीमती सीमा जैन ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, श्रीमती सरोज राजपूत, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एएसपी सीताराम ससत्या, संयुक्त कलेक्टर लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सहित संबंधित अधिकारी, शासकीय सेवक, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।

# 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## प्रभारी मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/देश का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह पन्ना जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और हर्ष फायर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री परमार ने खुली जिप्सी में पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा एवं जिपं सीईओ व प्रभारी कलेक्टर संघ प्रिय के साथ परेड का निरीक्षण किया। रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर भी साथ थे। मुख्य अतिथि ने नागरिकों के नाम संबोधित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन कर आकाश में गुब्बारे छोड़े। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने टोली नायकों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी किया गया। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल के बच्चों ने देश भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। अपार उत्साह के साथ बच्चों द्वारा सामूहिक पीटी प्रदर्शन भी किया गया। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शासकीय विभागों की अलग-अलग थीम पर केन्द्रित झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम उपरांत उत्कृष्ट परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। सशस्त्र परेड में जिला पुलिस बल पुरूष की टुकड़ी को प्रथम, एसएएफ 10वीं वाहिनी विसबल की टुकड़ी को द्वितीय और होमगार्ड की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि गैर शस्त्र परेड सीनियर वर्ग में एनसीसी महिला सीनियर डिवीजन की टुकड़ी को प्रथम, एनसीसी सीनियर डिवीजन छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की टुकड़ी को द्वितीय और एनएसएस महिला दल छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की टुकड़ी को तीसरा स्थान मिला। नि:शस्त्र परेड जूनियर वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के गाइड दल को प्रथम, अरविन्दो, डायमण्ड पब्लिक एवं सरस्वती शिशु मंदिर पन्ना के स्काउड दल को द्वितीय तथा शौर्या दल की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के वरिष्ठ वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना को प्रथम, नेशनल पब्लिक स्कूल पन्ना को द्वितीय एवं पीएम श्री जवाहर नवोदल विद्यालय रमखिरिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि कनिष्ठ वर्ग में ब्लू स्काई पब्लिक स्कूल को प्रथम, महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी को द्वितीय तथा लिस्यू आनंद सीनियर सेकेण्डरी स्कूल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिला पंचायत की झांकी को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में 09 विभागों द्वारा विभिन्न थीम पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत की झांकी को प्रथम, महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को द्वितीय और पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की झांकी को तीसरा स्थान मिला। प्रथम स्थान पर चयनित जिला पंचायत की झांकी के लिए परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार को नोडल अधिकारी और मृदुल श्रीवास्तव को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य तथा शासकीय दायित्वों के बेहतर निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में गत 16 दिसम्बर को विजय दिवस पर पुलिस बैण्ड के बेहतर प्रदर्शन पर 21 हजार रूपए की नगद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, अन्य शासकीय सेवक, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विनय श्रीवास्तव एवं प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले फौजी सरपंच गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में किये गये सम्मानित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंह को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह मे प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा उत्क्रष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। सरपंच श्री लोधी अपने अनूठे कार्यों और नवाचारों के लिए चर्चा में है। ढ़ाई साल के अल्प समय में ही इस गाँव की तकदीर व तस्वीर दोनों बदल गई है। अब यह गाँव पूरे जिले के लिए एक मिसाल बन चुका है। एक पूर्व फौजी की द्रढ़ इच्छा शक्ति और सकारात्मक सोच ने यह कमाल किया है, जिसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। सरपंच बने पूर्व फौजी रामशिरोमणि सिंह लोधी को गाँव में किये गए अनूठे कार्यों और नवाचारों के लिए जानें जाते है, इसी लिए 26 जनवरी के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा सम्मानित किया गया है। यह पहला अवसर है जब जिले की 386 ग्राम पंचायतों में से किसी पंचायत के सरपंच को गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस तरह सम्मानित किया गया है, जो गौरव की बात है। इससे निश्चित ही जिले व प्रदेश की अन्य पंचायतों को प्रेरणा मिलेगी। जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी. दूर पन्ना जिले की सीमा में स्थित ग्राम पंचायत दिया की हालत ढ़ाई साल पूर्व तक बेहद दयनीय थी। तक़रीबन 6 हजार की आबादी व 2500 मतदाता वाली इस पंचायत के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी मोहताज रहना पड़ता था। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता से नहीं मिल पाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है, अब शासन की योजनाओं का लाभ जहाँ सुगमता से हर पात्र को मिल रहा है वहीं गाँव का भी कायाकल्प हो गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच 46 वर्षीय पूर्व फौजी रामशिरोमणि सिंह लोधी बताते हैं कि हमारी पंचायत में नल जल योजना संचालन के लिए ऑटो मेंसन लगाया गया है। विभिन्न प्रकार के सेसंर के माध्यम से मोबाइल फोन से ही पूरा सिस्टम कमांड हो रहा है, बिना पढ़ा लिखा युवक घर बैठे ही पेयजल सप्लाई व्यवस्था को ऑपरेट कर लेता है। पानी की टंकी का लेवल, मोटर पंप को चालू करना एवं बंद करना तथा ओवर फ्लो होने पर अलार्म बजाना इत्यादि प्रकार की सुविधा ऑटोमेशन डिवाइस पर उपलब्ध हैं, जो इस पंचायत में हो रहा है।



वे आगे बताते हैं कि पंचायत में बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान के तहत पंचायत की तरफ से प्रत्येक बेटी का जन्म दिन मनाने के साथ जन्म दिन पर वृक्षारोपण करवाया जाता है। पंचायत क्षेत्र की बेटियों को स्कूल भेजने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। स्कूलों में स्वच्छता, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पंचायत के सभी स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का अवलोकन भी समय-समय पर किया जाता है। पंचायत में स्वयं का जन् पुस्तकालय भी उपलब्ध है, इसके अलावा तीन नि:शुल्क कोचिंग सेंटर भी चल रहे हैं। शालाओं में व्यायाम के लिए पूर्व में मशीनें आई थीं जो कबाड़ में पड़ी थीं। उन मशीनों को ठीक कराकर तथा अतिरिक्त व्यवस्था करके पंचायत में स्वयं का जिम भी उपलब्ध है, जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। पंचायत में 13 छोटे बड़े परकुलेशन टैंक बनवाकर किसानों की असिंचित जमीन को सिंचित रकबे में कन्वर्ट किया गया है। इसके साथ ही पंचायत द्वारा 6 कुओ का निर्माण करवाया गया है जिससे कई किसान लाभान्वित हुए हैं। पंचायत में स्वयं की नर्सरी होने के कारण निशुल्क वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाता है। पंचायत में तीन जगह वृक्षारोपण करवाकर पर्यावरण को संतुलित करने का भी काम किया जा रहा है। पंचायत में अभी तक 183 परिवारों को विभिन्न योजनाओं के तहत खाद्यान्न पर्ची उपलब्ध कराकर गरीब परिवारों को भोजन की व्यवस्था करवाई गई है। 57 गरीब पात्र हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन दिलवाकर उनकी जीविका का साधन बनवाया गया है। पंचायत में 118 लोगों का संबल और सरनिर्माण कार्ड बनाकर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया गया है। पंचायत में 70 प्लस के 98 आयुष्मान कार्ड भी बनवाए गए हैं। पंचायत में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित 36 प्रकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जन शिविर का आयोजन भी करवाया गया है। खेती में सुधार कैसे हो इसके लिए पन्ना कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिकों को लाकर प्रशिक्षण दिलवाया गया है। स्वयं सेवी संस्था समर्थन के सहयोग से किसानों को जैविक खेती के साथ ही मोटे अनाजों (मिलट) के उत्पादन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पंचायत में इस वर्ष प्राकृतिक व मोटे अनाज की खेती 42 किसानों द्वारा करवाई गई है। घरों में किचेन गार्डेन के लिए भी महिलाओं को प्रेरित किया गया है, फलस्वरूप अधिकांश लोग अपने घरों की खाली पड़ी जमींन में किचेन गार्डेन लगा रहे हैं। पंचायत का विकास कैसे हो इसके लिए समय-समय पर ग्राम सभाएं, मासिक बैठक एवं पंचायत की बैठक आयोजित होती है। जिसमें सभी पंचायत के सदस्यों एवं पंचों का योगदान रहता है। फौजी के सरपंच बनने की कहानी, उन्ही की जुबानी पूरे 20 साल तक फ़ौज में रहकर देश की सेवा करने वाले सैनिक रामशिरोमणि सिंह लोधी का जीवन भी प्रेरणादायी है। वे बताते हैं कि पन्ना में रहकर ही उन्होंने शिक्षा ग्रहण की और छत्रसाल महाविद्यालय से एम.ए. की डिग्री हासिल की। उसी दौरान फ़ौज की भर्ती शुरू हुई, जिसमें मैंने भी हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि पन्ना के जिस पुलिस परेड ग्राऊंड में 26 जनवरी को प्रभारी मंत्री द्वारा मुझे सम्मानित किया गया है, उसी ग्राउंड में फ़ौज के लिए मेरा चयन हुआ था। 23 अप्रैल 2000 को मेरा चयन हुआ, फलस्वरूप 2020 तक मैंने पूरी निष्ठां और मनोयोग के साथ अपनी सेवाएं सेना व देश को प्रदान की। सेवाकाल में मुझे 2 मैडल, 10 अवार्ड तथा 84 रिवॉर्ड मिले। ग्राम पंचायत दिया के अंतर्गत आने वाले गाँव कोठीटोला निवासी रामशिरोमणि सिंह लोधी बताते हैं कि फ़ौज से सेवानिवृत्त होने के उपरांत जब गाँव लौटा तो यहाँ की दयनीय स्थिति को देख काफी विचलित हुआ। तभी मैंने तय किया कि देश सेवा के बाद अब अपने जन्मभूमि की सेवा करूँगा। इस तरह मैं जून 2022 में सरपंच बन गया और निरंतर अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में जुटा हुआ हूँ। पूर्व फौजी व वर्तमान सरपंच का कहना है कि यदि सकारात्मक सोच व द्रढ़ इच्छा शक्ति हो तो पांच साल में हर गाँव का कायाकल्प हो सकता है।

## रायसेन की टीम ने त्रिवेंद्रम केरल की टीम को हराकर जीता अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट

पन्ना/स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम पर चल रहे फुटबाल टूर्नामेंट के फाईनल मैच में रायसेन मध्य प्रदेश तथा त्रिवेन्द्रम केरल के बीच खेला गया। जिसमें रायसेन मध्य प्रदेश की टीम ने ट्राई ब्रेकर मे तीन दो से मैच जीत लिया, फाईनल मैच मे दोनो टीमो द्वारा डेढ घंटा के मैच में कोई भी टीम एक भी गोल नहीं बना सकी, जिसके लिए परिणाम ट्राई ब्रेकर से संपन्न कराये गये, फाईनल मैच मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश के उच्च शिक्षा तकनीकी तथा आयुष मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्र इन्दर सिंह परमार मुख्य रूप से उपस्थित रहें, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा की गई। फाईनल मैच में विजेता टीम रायसेन को मुख्य अतिथि द्वारा 1 लाख नगद राशि तथा ट्राफी एंव मेडल दिया गया। रायसेन टीम के कप्तान राहुल यादव के नेत्रत्व मे बेहतर प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार उप विजेता टीम केरण त्रिवेन्द्रम की टीम को 75 हजार नगद एवं ट्राफी तथा मेडल प्रदान किया। त्रिवेन्द्रम टीम के कप्तान साई सुरेन्द्रम के नेत्रत्व में टीम द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। उक्त फाईनल मैच के दौरान अन्य अतिथि भी उपस्थित रहें। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीनाराजे, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पान्डेय, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा, प्रभारी कलेक्टर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय, जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार, विष्णु पान्डेय, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रवीराज यादव, प्राचार्य छत्रसाल कालेज एस पी एस परमार, विनोद तिवारी, एसडीओपी, एस पी सिंह बघेल, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान कामन्ट्रेट की भूमिका मे पहलवान सिंह तथा इशाक अली द्वारा बेहतर संचालन किया गया।

# नगरपालिका हटा में कबाड़ से जुगाड़ कर स्थापित किए गए पार्क की आयुक्त एवं मिशन संचालक ने की प्रशंसा






**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 27 जनवरी। नगर पालिका हटा में पुराने पड़े कबाड़ के सामान को व्यवस्थित कर रंग रोगन करके एक अनूठा पार्क बनाया है, जिसकी प्रशंसा व्ही.सी. के माध्यम से आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के साथ स्वच्छता मिशन संचालक ने की। जिसका प्रजेंटेशन उपयंत्री दीपक श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में पुराने डस्टबिन, कचड़ा गाड़ी के कल पुर्जे टायर, अनुपयोगी हो चुके कचरे के ड्रम, कचरा की कबाड़ हो चुकी ट्रॉली आदि को अलग-अलग आकृति देकर रंगरोगन कर आकर्षित बना दिया गया। इसी कबाड़ से रंग-बिरंगे गमले बनाएं गए है, इन पर पेंटिंग कर योग आसन के चित्र बनाए गए है।

उन्होंने बताया खाली ड्रम को सोफ़ा सेट की आकृति दी गई, पार्क में सैल्फी पॉइंट बनाया गया और उसमें कबाड़ के समान से ही एक बाइक बनाकर रखी गई है। टीम वर्क करके नगरपालिका में जहां तहां पड़े मशीनों के, वाहनो के कबाड़ को एकत्रित किया, उन्हें अलग-अलग छांट कर उनकी सफाई कराई गई और रंगरोगन किया गया, फिर उन कबाड़ में से अलग-अलग आकृति बनाकर पार्क के रूप में व्यवस्थित कर दी गई, जो देखने मे खूबसूरत लगने लगे हैं। नगर पालिका परिसर में ही दो प्राचीन किले की दीवार पर अनुपयोगी झाड़ी उग आई थी, उन्हें साफ कर रंग रोगन कर आकर्षक रूप दिया गया है, जिससे पूरा परिसर सुंदर लगने लगा है।

पार्क तैयार करने बाली टीम को नगरपालिका हटा अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक और सी.एम.ओ. राजेन्द्र खरे ने गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित भी किया है। गड़तंत्र दिवस समारोह में पहुंचे अतिथियों ने इस पार्क की सराहना भी की है।

# केंद्रीय मंत्री के चाहते राजेश पटेरिया को मिली भाजपा संगठन में जिले की कमान

## आज होगा जिले में प्रथम आगमन

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी में संगठन पर्व के तहत चल रहे जिला अध्यक्ष की निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत निवाड़ी जिले में भारी चली खींचतान के बाद अब संगठन में जिले की कमान केंद्रीय मंत्री और टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार के चहेते राजेश कुमार पटेरिया को दी गई है। निवाड़ी जिले में भारतीय जनता पार्टी संगठन के जिला अध्यक्ष की घोषणा दो दिन पहले की गई थी इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री और प्रदेश प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करने नवनियुक्त भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश पटेरिया ने दिल्ली और भोपाल पहुंचकर केंद्रीय मंत्री और प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया और अब आज दिनांक 28 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश पटेरिया का प्रथम आगमन जिले में होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश पटेरिया सुबह 5 बजे भोपाल से चलकर वंदे भारत एक्सप्रेस से सुबह 9 बजे झांसी पहुंचेंगे जहां से ओरछा पहुंचकर भगवान श्री राम राजा सरकार के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद लेंगे और उसके उपरांत जिला मुख्यालय निवाड़ी में आगमन होगा जहां भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है और जिला मुख्यालय के बाद भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पृथ्वीपुर पहुंचेंगे।

***तीन विधायकों के विरोध के बाद भी बने थे मंडी अध्यक्ष***

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश पटेरिया का राजनैतिक जीवन भारतीय जनता पार्टी से ही प्रारंभ हुआ था और भारतीय जनता पार्टी में रहते हुए श्री पटेरिया के द्वारा 2004 में जिला पंचायत के सदस्य के लिए चुनाव लड़ा गया था हालांकि इस चुनाव में उन्हें सफलता नहीं मिली थी लेकिन उसके बाद पार्टी के द्वारा विभिन्न पदों पर उन्हें मनोनीत किया गया जिसमें जनपद स्तरीय अंत्योदय समिति पृथ्वीपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सन 2005 में अध्यक्ष नियुक्त किया तथा सन 2007 से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में डायरेक्टर के रूप में भी काम किया इसके बाद भाजपा संगठन के द्वारा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में प्रदेश कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया गया और उसके उपरांत भारतीय जनता किसान मोर्चा का टीकमगढ़ जिले का अध्यक्ष दो बार नियुक्त किया गया इसके साथ-साथ पृथ्वीपुर कृषि उपज मंडी समिति में अध्यक्ष के पद पर भी श्री पटेरिया को नियुक्त किया गया और मंडी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर उस समय भारतीय जनता पार्टी के तीन विधायकों के द्वारा विरोध भी किया गया था लेकिन उस विरोध के बाद भी श्री पटेरिया को कृषि उपज मंडी समिति पृथ्वीपुर में अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। श्री पटेरिया पिछले काफी समय से केंद्रीय मंत्री और टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार के प्रतिनिधि के रूप में जिले में काम कर रहे थे और अब उन्हें केंद्रीय मंत्री की सिफारिश पर भारतीय जनता पार्टी में जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।

# मद्य निषेध संकल्प दिवस 30 जनवरी को होगा आयोजित

## इस दिवस का मुख्य उद्देश्य जिले में नशामुक्ति का वातावरण निर्मित किया जा सके-कलेक्टर श्री कोचर

दमोह 27 जनवरी। महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर फ्रमद्य निषेध संकल्प दिवस आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी संबंधितों से कहा है इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान, तथा मादक पदार्थ / द्रव्यों के सेवन की नशा प्रवृत्ति की रोकथाम के लिये इनसे होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं तथा समाज को अवगत कराया जाकर उन्हें नशा छोड़ने के लिये प्रेरित किया जायेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में इस दिवस पर मादक द्रव्यों तथा मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाना एवं संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य किया जायेगा, इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है जिले में नशामुक्ति का वातावरण निर्मित किया जा सके।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रम किये जाये, जिसमें विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के द्वारा सेमीनार, वर्कशाप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रंखला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम व सभाएं आयोजित कर मघ निषेध संकल्प हेतु वातावरण निर्मित किया जाये।

उन्होंने कहा मद्य निषेध संकल्प दिवस 30 जनवरी महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करायें ताकि समाज में पनप रहे नशा सेवन के प्रचलन तथा इससे होने वाले अपराधों को भी रोका जा सके। इस हेतु संलग्न पत्रानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करते हुये उक्त कार्यक्रम की छायाप्रति एवं पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित किया जाये।

# वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. मनोज कुमार अहिरवार कृषि क्षेत्र में नवाचार हेतु हुए सम्मानित



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 27 जनवरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक श्री जयंत कुमार मलैया एवं कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र दमोह डॉ. मनोज कुमार अहिरवार को उनके द्वारा दमोह जिले में कृषि के क्षेत्र में किये गये नवाचार के लिये उत्कृष्ट कार्य से सम्मानित किया है।

# गणतंत्र दिवस पर विधायक पहुंची बच्चों के पास

## -बच्चों को ऐसा लग रहा था जैसे उन्हें कैद कर दिया गया हो

## -विधायक ने खुद पहुंचकर बैरिकेट्स की रस्सियां खोलकर हटाए बैरिकेट्स





परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीनाविधायक निर्मला सप्रे की सहजता और सरलता का उदाहरण उत्कृष्ट विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में देखने को मिला। दरअसल में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों और अभिभावकों के लिए लगभग मंच से 50 फुट की दूरी पर बड़े बैरिकेट्स लगा दिए गए थे और बैरिकेट्स के दूसरे साइड में बच्चों और अभिभावकों को बैठाया गया था,यह व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई थी।

किंतु जब विधायक ने यह देखा की बैरिकेट्स के उस ओर हजारों बच्चे और उनके अभिभावक बैठे हुए हैं तो उन्हें यह बात अच्छी नहीं लगी। और उन्होंने तत्काल एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया को बुलाकर उन्हें बैरिकेट्स हटाने की निर्देश दिए इसके बाद विधायक स्वयं बच्चों के पास पहुंच गई और उन्होंने बैरिकेट्स की रस्सी खोलकर बैरिकेट्स खुद अलग किये। बैरिकेट्स से आजाद होने के बाद बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया विधायक ने सभी बच्चों और अभिभावक को हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया ,और इसके बाद सभी ने विधायक के लिए जमकर तालियां बजाई।

# जिलाधिकारी ने गोकुल बैराज के अपस्ट्रीम की बांयी तरफ निर्माणाधीन वासुदेव वाटिका का निरीक्षण किया



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह के साथ गोकुल बैराज के अपस्ट्रीम की बांयी तरफ निर्माणाधीन वासुदेव वाटिका का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गोकुल वाटिका के मानचित्र का गहनता से अध्ययन किया, निर्माणाधीन परियोजना की समयावधि, लागत तथा क्षेत्रफल की जानकारी ली। उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण ने अवगत कराया कि वासुदेव वाटिका की लागत रूपये 4533 लाख है, परियोजना की प्रारम्भ तिथि दिनांक 01 मार्च 2024 है तथा परियोजना का क्षेत्रफल लगभग 13 हैक्टेयर है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लायें तथा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने ड्रेनेज की उत्कृष्ठ व्यवस्था हेतु अतिरिक्त विकल्पों के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने परियोजना में सोलर लाइट, सोलर पैनल तथा सोलर पम्प का प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया। वासुदेव वाटिका को भव्य एवं आकर्षक बनाने हेतु रंगीन इंटरलॉकिंग टाइलों का प्रयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी फुटपाथ बनाया जा रहा है, उसमें रंग बिरंगे थीम पर आधारित पैन्टिग कराई जाये।

श्री सिंह ने निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्य स्थलों पर बड़े बड़े होर्डिंग लगवाने के निर्देश दिये, जिस पर परियोजनाओं के संबंध में सूचना तथा कार्यदायी संस्था का उल्लेख किया गया हो। जिलाधिकारी ने आस पास पड़ी मिट्टी के बारे में जानकारी ली, जिस पर उपाध्यक्ष ने अवगत कराया कि यहां की मिट्टी का प्रयोग इसी प्रोजेक्ट में किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संपूर्ण परिसर का वृहद वृक्षारोपण तथा आकर्षक वृक्षों की थीम आधारित वृक्ष लगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वासुदेव वाटिका में एक स्थान चिन्हित करते हुए लोकल फूड स्ट्रीट बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओ एवं पर्यटकों के जलपान के लिए लोकल फूड स्ट्रीट अहम भूमिका निभायेगी।

निरीक्षण के समय मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, अधिशासी अभियंता मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण प्रशांत गौतम, सहायक अभियंता मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण सर्वेश गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी आदि मौजूद रहे।

# हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस, प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश के 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड पर किया गया जहां हर्ष और उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में मध्य प्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं महिला सशक्तिकरण विभाग के मंत्री तथा निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया गया तथा विकसित भारत विकसित मध्य प्रदेश पर केंद्रित मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया तत्पश्चात परेड की सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर संचालित विभिन्न शासकीय विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं पर केंद्रित झांकियां निकाली गई तथा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया तथा परेड का निरीक्षण करने के उपरांत जिला मुख्यालय पर निवास रत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सीताराम मानव एवं लोकतंत्र के प्रहरी रमेश गुप्ता तथा कालका प्रसाद दांगी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय आयोजन में पुलिस प्रशासन होमगार्ड एनसीसी एवं अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर वर्ग में एनसीसी महिला इकाई शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी को प्रथम स्थान तथा पुलिस बैंड निवाड़ी को दूसरा स्थान इसके साथ-साथ दिव्य संस्कार शिक्षण संस्थान को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ जबकि सीनियर वर्ग में 18वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल ग्वालियर को प्रथम स्थान जिला पुलिस बल निवाड़ी को दूसरा स्थान एवं होमगार्ड दल निवाड़ी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ इसके साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गई झांकियो में महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को प्रथम स्थान जनजाति कार्य विभाग निवाड़ी को दूसरा स्थान तथा जिला पंचायत निवाड़ी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी होप एकैडमी को प्रथम स्थान स्कॉलर्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल को दूसरा स्थान एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के उपरांत मार्च पास्ट झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को गणतंत्र गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया इसके साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों को भी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य बी के पुरोहित एवं हेमेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया।

***भोजन करने स्कूली छात्राओं के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री***

गणतंत्र दिवस समारोह के जिला स्तरीय सामूहिक आयोजन के उपरांत जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ पुलिस अधीक्षक डॉ राय सिंह नरवरिया शासकीय माध्यमिक शाला कुलुवा में पहुंचे जहां स्कूली छात्राओं के बीच अतिथियों के द्वारा मध्यान भोजन का आनंद लिया गया तथा सभी छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एच वी शर्मा डिप्टी कलेक्टर राजेंद्र मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल जिला खाद आपूर्ति अधिकारी सरिता अग्रवाल जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेष श्रीवास्तव डीपीसी फूल सिंह दिनकर प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी राजेश पटेरिया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ नंद किशोर नापित सहित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

***विधायक की दिखी नाराजगी***

शासन द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रम के अनुसार गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय आयोजन में प्रभारी मंत्री द्वारा ध्वजारोहण करते हुए शासन के निर्देशों का पालन किया गया लेकिन कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण में भी स्थानीय विधायक को मंच पर आमंत्रित नहीं किए जाने से विधायक की नाराजगी देखी गई और शायद अपनी इसी नाराजगी के चलते विधायक प्रभारी मंत्री के साथ शासकीय माध्यमिक शाला कुलुवा में आयोजित भोजन में भी नहीं पहुंचे जहां प्रभारी मंत्री से अनौपचारिक बातचीत में स्थानीय विधायक की अनुपस्थिति के संबंध में पूछा गया तो प्रभारी मंत्री द्वारा भी नाराजगी के स्वर में बताया गया कि यहां के विधायक पूरे जिले को संभालते हैं और पूरे जिले में उनका ही प्रोटोकॉल चलता है उनके बिना कोई भी अधिकारी कुछ नहीं कर सकता हालांकि भोजन में विधायक की अनुपस्थिति को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रही इसके साथ-साथ गणतंत्र दिवस समारोह में भी जिले के प्रभारी मंत्री तथा कलेक्टर को ही पगड़ी पहनाई गई जबकि स्थानीय विधायक को भी पगड़ी पहनाई जा सकती थी इतना ही नहीं समारोह के उपरांत पुरस्कार वितरण में भी प्रभारी मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा स्थानीय विधायक को मंच पर आमंत्रित नहीं किया गया। पुरस्कार वितरण में स्थानीय विधायक को आमंत्रित नहीं करने को लेकर नगर में हो रही चर्चाओं के अनुसार इसमें प्रभारी मंत्री के द्वारा स्थानीय विधायक की उपेक्षा करना बताया गया क्योंकि प्रभारी मंत्री को पुरस्कार वितरण के लिए स्थानीय विधायक को अपने साथ मंच पर ले जाना चाहिए था फिलहाल गणतंत्र दिवस समारोह में स्थानीय विधायक की नाराजगी देखी गई जिसको लेकर कई तरह की चर्चाएं नगर में होती रही।

***बब्बू राय ने प्रोटोकॉल तोड़कर किया था ध्वजारोहण***

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर सन 2003 में उमा भारती प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी और 2004 में निवाड़ी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन में ध्वजारोहण के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल को तोड़ा गया था और उस समय जिला पंचायत से लेकर नगर पंचायत में अपना वर्चस्व रखने वाले राय परिवार के द्वारा जनपद पंचायत निबाड़ी में उपाध्यक्ष रहते हुए गणतंत्र दिवस के आयोजन में ध्वजारोहण किया था। शासन द्वारा ब्लॉक स्तरीय आयोजन में जनपद अध्यक्ष के द्वारा ध्वजारोहण किए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन उस समय प्रदेश स्तर सहित टीकमगढ़ जिले की राजनीति में राय परिवार के वर्चस्व के चलते अध्यक्ष को ध्वजारोहण नहीं करने दिया गया था और जनपद पंचायत में उपाध्यक्ष रहते हुए राय परिवार के द्वारा ही ध्वजारोहण किया गया था।

# तिरंगे को सलामी देकर मनाया गणतंत्र दिवस

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा बी एस ए कॉलेज में हर्ष व उल्लास भरे वातावरण में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस। मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मन्त्र पंडित श्याम सुंदर शर्मा विशिष्ठ अतिथि जयंती प्रसाद अग्रवाल व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने तिरंगा ध्वज फहराया।महाविद्यलय के एन सी सी कैडेट्स ने राष्ट्र धुन बजायी व तिरंगे को सलामी दी।तत्पशचात आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विशिष्ठ अतिथि व प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने महाविद्यलय की ओर से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायिका विदुषी माधुरी शर्मा व विख्यात रंगकर्मी पंडित लोकेंद्र नाथ कौशिक को शॉल व प्रसास्ति पत्र देकर 2024 के ब्रज कलानिधि सम्मान से नवाजा। इसी क्रम में महाविद्यलय को समय समय पर सहयोग व समर्थन देने वाले विभिन्न समाज सेवियों को भी सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि पंडित श्याम सुंदर शर्मा ने देश मे गणतांत्रिक मूल्यों के अनुपालन पर जोर दिया और कहा कि देश की सम्प्रभुता, एकता व अखंडता नोजवानो के हाथों में सुरक्षित है प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जिसने हमे एक सम्प्रभु और गौरवशाली राष्ट्र के तौर पर हमारी पहचान स्थापित किया है।अंत मे छात्र छात्राओं ने देश भक्ति से ओत प्रोत रँगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य अतिथि व महाविद्यलय के प्रोफेसर डॉ बी पी राय , डॉ रवीश शर्मा , डॉ यू के त्रिपाठी, डॉ जसवंत सिंह आदि सम्मानित शिक्षक बन्धु व कर्मचारी बन्धु व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन डॉ बी के गोस्वामी ने किया।

# नवागत डीएम से मिला राष्ट्रिय पत्रकार सुरक्षा परिषद का पदाधिकारी प्रतिनिधि मंडल

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 मथुरा, के पदाधिकारी प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को नवागत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के आगरा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी मथुरा के जिला संरक्षक दिनेश कुमार पंकज, जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 आगरा मंडल के पदाधिकारी, यज्ञदत्त चतुर्वेदी, तेजवीर सिंह, पत्रकार रविकांत चौधरी, मथुरा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, अपनी मथुरा न्यूज के युवा पत्रकार प्रतीक चतुर्वेदी, जिला कोषाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य,वरिष्ठ पत्रकार गिरधारी लाल, वरिष्ठ पत्रकार आलोक तिवारी,प्रवीण कुमार शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सतेंद्र कुमार, आदि मौजूद रहे, जिलाधिकारी सीपी सिंह से मुलाकात कर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 द्वारा जिलाधिकारी मथुरा को उनके द्वारा किए सराहनीय प्रशानिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। जिलाधिकारी सीपी सिंह मथुरा के लिए भले ही जिलाधिकारी पद पर नवागत हो पर मथुरा की आवोहवा से भलीभांत परिचित है। उनकी मथुरा में धमाकेदार एंट्री से मथुरा की जनता में खासी चर्चा होने लगी है।



# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत विधायक ने वितरित किए प्रमाण पत्र

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो नगर परिषद में आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के समापन अवसर पर राजनगर क्षेत्र के विधायक अरविंद पटेरिया के द्वारा उपस्थिति पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए जिसमें पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन, कल्याणी पेंशन, संभल टू, मृत्यु एवं जन्म प्रमाण पत्र तथा विवाह प्रमाण पत्र के लगभग 80 पत्रग्रहियों को आज यहां प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ।




कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के द्वारा संचालित केंद्र एवं प्रदेश की विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों को उनके लाभ उन तक डायरेक्ट पहुंचे इसके लिए बड़ी ही पारदर्शिता रखी गई है जिससे कि हितग्राहियों को यहां वहां न भटकना पड़े इसके लिए हर वार्ड में इस तरह के कैंप आयोजित कर उनको उनके द्वार में ही पहुंचकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है तथा आगामी समय में भी उन्हें उनके हितों से वंचित न होना पड़े इसके लिए उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित भी किया ।

इस अवसर पर नगर परिषद खजुराहो के अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी तथा सीएमओ बसंत चतुर्वेदी के अलावा पार्षद दुर्गा पटेल, डॉ रामावतार चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, रवि नायक, दिनेश गौतम, राजकुमारी दुबे, चिरैया अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि राजाराम पटेल के अलावा जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र (कुटिया) तथा भाजपा के जिला मंत्री संजय रैकवार सहित नगर के बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव शुक्ला के द्वारा किया गया ।

# भारत माता के सच्चे सपूत थे हेमू कालाणी - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## रीवा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमू कालाणी की प्रतिमा का किया अनावरण





परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल 27 जनवरी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा का अनावरण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हेमू कालाणी भारत माता के सच्चे सपूत थे। हमारा देश शहीदों के प्रति कृतज्ञ है। इन्हीं के दम पर हमें आजादी मिली और हम सात सौ वर्षों की गुलामी के बाद आजाद हुए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमू कालाणी की प्रतिमा शहर में स्वागत भवन के पास स्थापित की गई है। इस चौक का नाम अब हेमू कालाणी चौक होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हेमू कालाणी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके जीवन का अधिकांश समय भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में बिताया। उनके मन में बचपन से ही देशप्रेम की भावना थी और स्वतंत्रता का जुनून सवार था। हेमू कालाणी की शहादत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी। उनकी बहादुरी और बलिदान को आज भी याद किया जाता है और वे भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में सम्मानित हैं। हेमू कालाणी का जन्म 23 मार्च 1923 को सिंध प्रांत में हुआ था और वह 21 जनवरी 1943 को शहीद हो गए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सिंधी समाज का अभिनंदन किया जिन्होंने हेमू कालाणी की स्मृति को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये यह प्रयास किया है। यह नागरिकों में देशप्रेम की भावना को सशक्त करेगा कर्तव्य निर्वहन के लिये प्रेरित करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारा देश पुनः सोने की चिड़िया बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्वगुरू बनाने में सभी अपना योगदान दें। अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह एवं हुकूमत राय होतवानी सिंधी समाज के संतजन तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित डीजे वाहन पलटा, एक की मौत

छतरपुर। ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में डीजे बुलाया गया था। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद जब डीजे वापस जा रहा था तभी दोपहर करीब 12 बजे बाईक को बचाने के चक्कर में डीजे पलट गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक घायल है। ग्राम केंड़ी के गोविंद कुशवाहा ने बताया कि चौक समारोह में डीजे को बुलाया गया था। डीजे वाहन विश्वनाथ पिता मुन्ना अहिरवार 20 वर्ष एवं सुरेन्द्र पिता दिल्ला अहिरवार 18 वर्ष निवासी मुड़ारी थाना कुलपहाड़ सवार थे। कार्यक्रम उपरांत डीजे जब वापस जा रहा था तभी दोपहर करीब 12 बजे लुगासी के पास बाईक को बचाने के चक्कर में डीजे अनियंत्रित होकर पलट गया। डीजे की चपेट में आने से विश्वनाथ अहिरवार 20 वर्ष की मौत हो गई जबकि सुरेन्द्र अहिवार गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें पुलिस और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है। मृतक का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सुमति अकादमी में मना 76वॉं गणतंत्र दिवस

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। शहर के सुमति अकादमी विद्यालय में 76वॉं गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: काल 8ः00 बजे प्राचार्य महोदय द्वारा



ध्वजारोहण किया गया ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान गाया गया जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थी व शिक्षक गण उपस्थित रहे। तत्पश्चात सरस्वती मां का पूजन, वंदन छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए प्राचार्य महोदय द्वारा अपने भाषण में विद्यार्थियो को आज के दिन को शहीदो के बलिदान से प्राप्त होने वाली स्वतंत्रता को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए देश के प्रति हमारे कर्तव्य और संविधान द्वारा मिले अधिकारों के बारे में बताया। शहर के पुलिस लाइन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने तेरी मिट्टी में मिल जावा जैसे देशभक्ति गानों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। माननीय कलेक्टर महोदय जी के द्वारा विद्यालय के चेयरमेन श्री सोमिल अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल, प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा एवं समस्त प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# डीसेंट इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। आज डीसेंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए।



बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत, सोलो गीत, हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में भाषण इत्यादि प्रस्तुत किए गए। छोटे-छोटे बच्चे चेहरे पर तिरंगा बनाकर हाथ में छोटा सा झंडा लिए हुए स्कूल में सुबह ही आ गए थे। स्कूल के प्रबंधक श्री अशोक दुबे, प्रबंधिका श्रीमती मयूरी दुबे, प्राचार्य राजीव जैन द्वारा प्रातः 8ः30 पर झंडा फहराया गया। तदोपरांत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल में देशभक्ति का एक अनूठा ही माहौल देखने को मिला।

# 76वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गरिमा से मनाया गया

## कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

छतरपुर। जिला मुख्यालय छतरपुर के पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड में रविवार 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक राष्ट्रीय गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पार्थ जैसवाल प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी ली और राष्ट्रगान हुआ। कलेक्टर श्री जैसवाल ने खुली जीप में पुलिस अधीक्षक अगम जैन के साथ परेड का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। तत्पश्चात् कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इसके बाद परेड कमाण्डरों द्वारा हर्ष फायर एवं गरिमापूर्ण मार्च-पास्ट की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने परेड में शामिल टुकड़ियों के कमाण्डरों का परिचय प्राप्त करते हुये उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिये सराहना की और नील गगन में हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे छोड़े।





परेड में 29वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड, महिला जिला पुलिस बल, एनसीसी पुरूष सीनियर डिवीजन, एनसीसी महिला सीनियर बिंग और शौर्य दल महिला एवं बाल विकास एवं पुलिस बैण्ड की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस अवसर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्यादेवी अग्निहोत्री, छतरपुर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे और गणमान्य नागरिक, सामाजिक सेवा क्षेत्र के व्यक्ति, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं आमलोग उपस्थित रहे।

***इन विभागों की झांकिया प्रस्तुत हुई***

राष्ट्रीय समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सर्व शिक्षा अभियान, पशु चिकित्सा सेवाएं, नगर पालिका छतरपुर, वन विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, जल संसाधन विभाग, मत्स्य विभाग, पीआईयू लोक निर्माण विभाग एवं पर्यटन विभाग पर केन्द्रीय झांकी नगर परिषद खजुराहो द्वारा विकास कार्यों, योजनाओं और शासकीय सेवाओं पर केन्द्रित चलित झांकियां निकाली गई। इसके अलावा खेल युवा कल्याण के बालक बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत विशेष मलखंब के प्रदर्शन को करतल ध्वनि से सराहा गया। स्कूलों की प्रस्तुति में सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय, सुमति एकेडमी, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्र 1, जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव, शा.मलबा कन्या उ.मा.वि. एवं केन्द्रिय विद्यालय छतरपुर द्वारा भी सहभागिता निभाई गई।

***ये है परेड प्रस्तुति के विजेता***

परेड प्रस्तुति के एनसीसी बालक सीनियर डिवीजन प्रथम, महिला जिला पुलिस बल द्वितीय, 29वीं वाहिला विशेष सशस्त्र बल तृतीय स्थान पर रहीं।

***ये है विभागीय झांकियों के संयुक्त विजेता***

प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से सर्व शिक्षा अभियान एवं नगर पालिका छतरपुर, दूसरे स्थान पर जिला पंचायत छतरपुर एवं पुलिस विभाग और तीसरे स्थान पर स्वास्थ्य विभाग एवं नगरपरिषद खजुराहो की झांकी रही

***सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेता***

सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुति में केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर, दूसरे स्थान पर सुमति एकेडमी एवं तीसरे स्थान पर नवोदय विद्यालय नौगांव रहे। उत्कृष्ट कार्य करने राजस्व, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम की उद्घोषणा राकेश खरे आकाशवाणी छतरपुर, आर.पी. शुक्ला प्राचार्य पनोठा एवं श्रीनिवास नायक प्राचार्य भर्तोली द्वारा किया गया।

***छात्रों के साथ मध्यान्ह भोजन किया***

76वें गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न होने के पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्र. 01 छतरपुर में मध्यान्ह भोजन किया। इस दौरान एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों, शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने भी मध्यान्ह भोजन किया।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321